**Series DA2AB/2** **SET~1**

**प्रश्न-पत्र कोड**
**Q.P. Code** **30/2/1**

**रोल नं.**
**Roll No.**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

Learnosphere

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(ii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **38** questions.

(iii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# गणित (मानक)
# MATHEMATICS (Standard)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***
*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **80***

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में 38 प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii) यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii) खण्ड – **क** में प्रश्न संख्या 1 से 18 तक बहुविकल्पीय (MCQ) तथा प्रश्न संख्या 19 एवं 20 अभिकथन एवं तर्क आधारित 1 अंक के प्रश्न हैं ।*

*(iv) खण्ड – **ख** में प्रश्न संख्या 21 से 25 तक अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के 2 अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(v) खण्ड – **ग** में प्रश्न संख्या 26 से 31 तक लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के 3 अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vi) खण्ड – **घ** में प्रश्न संख्या 32 से 35 तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के 5 अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii) खण्ड – **ङ** में प्रश्न संख्या 36 से 38 तक प्रकरण अध्ययन आधारित 4 अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रकरण अध्ययन में आंतरिक विकल्प 2 अंकों के प्रश्न में दिया गया है ।*

*(viii) प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड – **ख** के 2 प्रश्नों में, खण्ड – **ग** के 2 प्रश्नों में, खण्ड – **घ** के 2 प्रश्नों में तथा खण्ड-**ङ** के 3 प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है ।*

*(ix) जहाँ आवश्यक हो स्वच्छ आकृतियाँ बनाइए । जहाँ आवश्यक हो $\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए, यदि अन्यथा न दिया गया हो ।*

*(x) कैल्कुलेटर का उपयोग **वर्जित** है ।*

Learnosphere

## General Instructions :

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains* ***38*** *questions.* ***All*** *questions are* **compulsory**.

*(ii)* *This question paper is divided into* ***FIVE*** *Sections –* ***A, B, C, D*** *and* ***E***.

*(iii)* *In Section–**A** questions number **1** to **18** are Multiple Choice Questions (MCQs) and question number **19** and **20** are Assertion-Reason based questions of **1** mark each.*

*(iv)* *In Section–**B** questions number **21** to **25** are Very Short Answer (VSA) type questions, carrying **2** marks each.*

*(v)* *In Section–**C** questions number **26** to **31** are Short Answer (SA) type questions, carrying **3** marks each.*

*(vi)* *In Section–**D** questions number **32** to **35** are Long Answer (LA) type questions, carrying **5** marks each.*

*(vii)* *In Section–**E** question number **36** to **38** are Case Study based questions carrying **4** marks each. Internal choice is provided in **2** marks questions in each case-study.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in 2 questions in Section–**B**, 2 questions in Section–**C**, 2 questions in Section–**D** and 3 question in Section–**E**.*

*(ix)* *Draw neat diagrams wherever required. Take* $\pi = \frac{22}{7}$ *wherever required, if not stated.*

*(x)* *Use of calculator is* ***NOT*** *allowed.*

Learnosphere

## खण्ड – क

**$20 \times 1 = 20$**

**इस खण्ड में 20 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न का 1 अंक है ।**

1. k का वह मान जिसके लिए समीकरण निकाय $3x - y + 8 = 0$ तथा $6x - ky + 16 = 0$ के अपरिमित रूप से अनन्त हल हैं, है **1**

(A) $-2$ (B) $2$

(C) $\frac{1}{2}$ (D) $-\frac{1}{2}$

2. बिंदु P, बिंदुओं A(4, –5) तथा B(1, 2) को मिलाने वाले रेखाखण्ड को 5:2 के अनुपात में बाँटता है । बिंदु P के निर्देशांक हैं : **1**

(A) $\left(\frac{5}{2}, \frac{-3}{2}\right)$ (B) $\left(\frac{11}{7}, 0\right)$

(C) $\left(\frac{13}{7}, 0\right)$ (D) $\left(0, \frac{13}{7}\right)$

3. एक समांतर श्रेढ़ी (A.P.) जिसमें $a_{15} - a_{11} = 48$ है, का सार्व अंतर है **1**

(A) 12 (B) 16

(C) –12 (D) –16

4. द्विघात समीकरण $x^2 + x + 1 = 0$ के मूल : **1**

(A) वास्तविक तथा समान हैं । (B) अपरिमेय हैं ।

(C) वास्तविक तथा भिन्न हैं । (D) वास्तविक नही हैं ।

Learnosphere

## SECTION – A

**20 × 1 = 20**

**This section consists of 20 questions of 1 mark each.**

1. The value of k for which the system of equations $3x - y + 8 = 0$ and $6x - ky + 16 = 0$ has infinitely many solutions, is **1**

   (A) $-2$ (B) $2$

   (C) $\frac{1}{2}$ (D) $-\frac{1}{2}$

2. Point P divides the line segment joining the points A(4, –5) and B(1, 2) in the ratio 5:2. Co-ordinates of point P are **1**

   (A) $\left(\frac{5}{2}, \frac{-3}{2}\right)$ (B) $\left(\frac{11}{7}, 0\right)$

   (C) $\left(\frac{13}{7}, 0\right)$ (D) $\left(0, \frac{13}{7}\right)$

3. The common difference of an A.P. in which $a_{15} - a_{11} = 48$, is **1**

   (A) 12 (B) 16

   (C) –12 (D) –16

4. The quadratic equation $x^2 + x + 1 = 0$ has ______ roots. **1**

   (A) real and equal (B) irrational

   (C) real and distinct (D) not-real


Learnosphere

5. यदि HCF (2520, 6600) = 40 और LCM (2520, 6600) = $252 \times k$ है, तो k का मान है : **1**

(A) 1650 (B) 1600

(C) 165 (D) 1625

6. दी गई आकृति में $\Delta ABC$ दिखाया गया है और $DE \parallel BC$ है, यदि AD = 5 cm, DB = 2.5 cm तथा BC = 12 cm है, तो DE बराबर है : **1**




(A) 10 cm (B) 6 cm

(C) 8 cm (D) 7.5 cm

7. यदि $\sin \theta = \cos \theta$, $(0° < \theta < 90°)$ है, तो $(\sec \theta \cdot \sin \theta)$ का मान है : **1**

(A) $\frac{1}{\sqrt{2}}$ (B) $\sqrt{2}$

(C) 1 (D) 0

8. दो पासे एक साथ उछाले गए । दोनों पासों पर आई संख्याओं का योग 10 से अधिक आने की प्रायिकता है : **1**

(A) $\frac{1}{9}$ (B) $\frac{1}{6}$

(C) $\frac{7}{12}$ (D) $\frac{1}{12}$

9. यदि $\alpha$ तथा $\beta$ बहुपद $5x^2 + 3x - 7$ के शून्यक हैं, तो $\frac{1}{\alpha} + \frac{1}{\beta}$ का मान है : **1**

(A) $-\frac{3}{7}$ (B) $\frac{3}{5}$


(C) $\frac{3}{7}$ (D) $-\frac{5}{7}$

5. If the HCF (2520, 6600) = 40 and LCM (2520, 6600) = 252 × k, then the value of k is **1**

(A) 1650 (B) 1600

(C) 165 (D) 1625

6. In the given figure $\Delta ABC$ is shown. DE is parallel to BC. If AD = 5 cm, DB = 2.5 cm and BC = 12 cm, then DE is equal to **1**




(A) 10 cm (B) 6 cm

(C) 8 cm (D) 7.5 cm

7. If $\sin\theta = \cos\theta$, $(0° < \theta < 90°)$, then value of $(\sec\theta \cdot \sin\theta)$ is : **1**

(A) $\frac{1}{\sqrt{2}}$ (B) $\sqrt{2}$

(C) 1 (D) 0

8. Two dice are rolled together. The probability of getting the sum of the two numbers to be more than 10, is **1**

(A) $\frac{1}{9}$ (B) $\frac{1}{6}$

(C) $\frac{7}{12}$ (D) $\frac{1}{12}$

9. If $\alpha$ and $\beta$ are zeroes of the polynomial $5x^2 + 3x - 7$, the value of $\frac{1}{\alpha} + \frac{1}{\beta}$ is **1**

(A) $-\frac{3}{7}$ (B) $\frac{3}{5}$


(C) $\frac{3}{7}$ (D) $-\frac{5}{7}$

10. दो समरूप त्रिभुजों ABC तथा PQR के परिमाप क्रमश: 56 cm तथा 48 cm हैं । PQ/AB बराबर है : **1**

(A) $\frac{7}{8}$ (B) $\frac{6}{7}$

(C) $\frac{7}{6}$ (D) $\frac{8}{7}$

11. AB तथा CD एक वृत्त की दो जीवाएँ हैं जो P पर प्रतिच्छेद करती हैं । निम्न में से सही कथन चुनिए : **1**




(A) $\Delta ADP \sim \Delta CBA$ (B) $\Delta ADP \sim \Delta BPC$

(C) $\Delta ADP \sim \Delta BCP$ (D) $\Delta ADP \sim \Delta CBP$

12. यदि किन्हीं आँकड़ों के प्रत्येक प्रेक्षण का मान 2 से बढ़ा दिया जाए, तो नए आँकड़ों का माध्यक **1**

(A) 2 से बढ़ जाएगा । (B) 2n से बढ़ जाएगा ।

(C) वही रहेगा । (D) 2 से कम हो जाएगा ।

13. एक बक्से में कार्ड हैं जिन पर 6 से 55 तक की संख्याएँ अंकित हैं । बक्से में से यादृच्छया एक कार्ड निकालने पर इस पर अंकित संख्या के एक पूर्ण वर्ग संख्या होने की प्रायिकता है : **1**

(A) $\frac{7}{50}$ (B) $\frac{7}{55}$


(C) $\frac{1}{10}$ (D) $\frac{5}{49}$

10. The perimeters of two similar triangles ABC and PQR are 56 cm and 48 cm respectively. PQ/AB is equal to **1**

(A) $\frac{7}{8}$ (B) $\frac{6}{7}$

(C) $\frac{7}{6}$ (D) $\frac{8}{7}$

11. AB and CD are two chords of a circle intersecting at P. Choose the correct statement from the following : **1**




(A) $\Delta ADP \sim \Delta CBA$ (B) $\Delta ADP \sim \Delta BPC$

(C) $\Delta ADP \sim \Delta BCP$ (D) $\Delta ADP \sim \Delta CBP$

12. If value of each observation in a data is increased by 2, then median of the new data **1**

(A) increases by 2 (B) increases by 2n


(C) remains same (D) decreases by 2

13. A box contains cards numbered 6 to 55. A card is drawn at random from the box. The probability that the drawn card has a number which is a perfect square, is **1**

(A) $\frac{7}{50}$ (B) $\frac{7}{55}$

(C) $\frac{1}{10}$ (D) $\frac{5}{49}$

14. दी गई आकृति में, केंद्र O वाले वृत्त पर बिंदु P से परस्पर लंबवत स्पर्श-रेखाएँ PA और PB खींची गई हैं । यदि PA = 5 cm है, तो AB की लंबाई है : **1**




(A) 5 cm
(B) $5\sqrt{2}$ cm
(C) $2\sqrt{5}$ cm
(D) 10 cm


15. XOYZ एक आयत है जिसके शीर्ष X(–3, 0), O(0, 0), Y(0, 4) तथा Z($x$, y) हैं । इसके प्रत्येक विकर्ण की लंबाई है : **1**

(A) 5 इकाई
(B) $\sqrt{5}$ इकाई
(C) $x^2 + y^2$ इकाई
(D) 4 इकाई

16. समांतर श्रेढ़ी (A.P.) –29, –26, –23, ....., 61 का कौन सा पद 16 है ? **1**

(A) 11वाँ
(B) 16वाँ
(C) 10वाँ
(D) 31वाँ

17. दी गई आकृति में O केंद्र वाले वृत्त पर स्पर्श-रेखा AT है । यदि ∠CAT = 40° है, तो ∠CBA की माप है : **1**





(A) 70°
(B) 50°
(C) 65°
(D) 40°

18. एक परीक्षा के बाद, अध्यापिका अपनी कक्षा के अधिकतम बच्चों द्वारा प्राप्तांक जानना चाहती है । उसे ज्ञात करना है प्राप्तांकों का **1**

(A) माध्यक
(B) बहुलक
(C) माध्य
(D) परिसर

Learnosphere

14. In the given figure, tangents PA and PB to the circle centred at O, from point P are perpendicular to each other. If PA = 5 cm, then length of AB is equal to **1**




(A) 5 cm (B) $5\sqrt{2}$ cm
(C) $2\sqrt{5}$ cm (D) 10 cm


15. XOYZ is a rectangle with vertices X(–3, 0), O(0, 0), Y(0, 4) and Z($x$, y). The length of its each diagonal is **1**

(A) 5 units (B) $\sqrt{5}$ units
(C) $x^2 + y^2$ units (D) 4 units

16. Which term of the A.P. –29, –26, –23, ....., 61 is 16 ? **1**

(A) $11^{th}$ (B) $16^{th}$
(C) $10^{th}$ (D) $31^{st}$

17. In the given figure, AT is tangent to a circle centred at O. If ∠CAT = 40°, then ∠CBA is equal to **1**




(A) 70° (B) 50°
(C) 65° (D) 40°

18. After an examination, a teacher wants to know the marks obtained by maximum number of the students in her class. She requires to calculate _____ of marks. **1**

(A) median (B) mode
(C) mean (D) range

**निर्देश :** प्रश्न **19** तथा **20** में प्रत्येक प्रश्न में एक **अभिकथन (A)** के बाद एक **तर्क कथन (R)** दिया है। निम्न में से सही विकल्प चुनिए :

(A) दोनों अभिकथन (A) तथा तर्क कथन (R) सत्य हैं। तर्क कथन (R), अभिकथन (A) की व्याख्या करता है।

(B) दोनों अभिकथन (A) तथा तर्क कथन (R) सत्य हैं। तर्क कथन (R), अभिकथन (A) की व्याख्या नहीं करता है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है परन्तु तर्क कथन (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है जबकि तर्क कथन (R) सत्य है।

19. **अभिकथन (A) :** यदि $\sin A = \frac{1}{3}$ $(0° < A < 90°)$ है, तो $\cos A$ का मान $\frac{2\sqrt{2}}{3}$ है। -

**तर्क कथन (R) :** सभी कोण $\theta$ के लिए $\sin^2 \theta + \cos^2 \theta = 1$. **1**

20. **अभिकथन (A) :** 10 cm भुजा वाले दो घनों को किनारे मिलाकर रखने से बने नये घनाभ का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 1200 $cm^2$ है।

**तर्क कथन (R) :** घन, जिसकी भुजा 10 cm है, के प्रत्येक फलक का क्षेत्रफल 100 $cm^2$ है। **1**

## खण्ड – ख

**इस खण्ड में 5 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक के 2 अंक हैं।**

21. क्या संख्या $(15)^n$, एक प्राकृत संख्या n के लिए, अंक 0 पर समाप्त हो सकती है ? कारण दीजिए। **2**



Learnosphere

**Directions :** In Question **19** and **20**, **Assertion (A)** and **Reason (R)** are given. Select the correct option from the following :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true. Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true. Reason (R) does not give correct explanation of (A).

(C) Assertion (A) is true but Reason (R) is not true.

(D) Assertion (A) is not true but Reason (R) is true.

19. **Assertion (A) :** If $\sin A = \frac{1}{3}$ $(0° < A < 90°)$, then the value of cos A is $\frac{2\sqrt{2}}{3}$

**Reason (R) :** For every angle θ, $\sin^2 \theta + \cos^2 \theta = 1$. **1**

20. **Assertion (A) :** Two cubes each of edge length 10 cm are joined together. The total surface area of newly formed cuboid is 1200 $cm^2$.

**Reason (R) :** Area of each surface of a cube of side 10 cm is 100 $cm^2$. **1**

## SECTION – B

**In this section, there are 5 questions of 2 marks each.**

21. Can the number $(15)^n$, n being a natural number, end with the digit 0 ? Give reasons. **2**



Learnosphere


22. ज्ञात कीजिए कि शीर्षों A(1, 0), B(–5, 0) तथा C(–2, 5) से बनी त्रिभुज ABC कैसी त्रिभुज है । **2**

23. (a) $2 \sin^2 30° \sec 60° + \tan^2 60°$ का मान ज्ञात कीजिए । **2**

**अथवा**

(b) यदि $2 \sin (A + B) = \sqrt{3}$ तथा $\cos (A - B) = 1$ है, तो कोण A तथा B की माप ज्ञात कीजिए, $0 \leq A, B, (A + B) \leq 90°$. **2**

24. दी गई आकृति में, AB तथा CD, केंद्र O वाले वृत्त की दो स्पर्श-रेखाएँ हैं । क्या $\angle BAC = \angle DCA$ ? अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए । **2**




25. (a) बिंदुओं (3, –5) तथा (–1, 6) को मिलाने वाला रेखाखण्ड रेखा $y = x$ द्वारा किस अनुपात में विभाजित होता है ? **2**

**अथवा**

(b) A(3, 0), B(6, 4) तथा C(–1, 3) एक $\Delta ABC$ के शीर्ष हैं । माध्यिका BE की लंबाई ज्ञात कीजिए । **2**

## खण्ड – ग

**इस खण्ड में 6 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक के 3 अंक हैं ।**

26. (a) यदि एक समांतर श्रेढ़ी (A.P.) के प्रथम m पदों का योगफल इसके प्रथम n पदों $(m \neq n)$ के योगफल के समान है, तो दर्शाइए कि इसके प्रथम $(m + n)$ पदों का योगफल शून्य है । **3**

**अथवा**

(b) एक समांतर श्रेढ़ी के तीन क्रमागत पदों का योगफल 24 है तथा इनके वर्गों का योगफल 194 है । संख्याएँ ज्ञात कीजिए । **3**

Learnosphere


22. Find the type of triangle ABC formed whose vertices are A(1, 0), B(–5, 0) and C(–2, 5). **2**

23. (a) Evaluate : $2 \sin^2 30° \sec 60° + \tan^2 60°$. **2**

**OR**

(b) If $2 \sin (A + B) = \sqrt{3}$ and $\cos (A - B) = 1$, then find the measures of angles A and B. $0 \leq A, B, (A + B) \leq 90°$. **2**

24. In the given figure, AB and CD are tangents to a circle centred at O. Is $\angle BAC = \angle DCA$ ? Justify your answer. **2**




25. (a) In what ratio is the line segment joining the points (3, –5) and (–1, 6) divided by the line $y = x$ ? **2**

**OR**

(b) A(3, 0), B(6, 4) and C(–1, 3) are vertices of a triangle ABC. Find length of its median BE. **2**

## SECTION – C

**This section consists of 6 questions of 3 marks each.**

26. (a) If the sum of first m terms of an A.P. is same as sum of its first n terms $(m \neq n)$, then show that the sum of its first $(m + n)$ terms is zero. **3**


**OR**

(b) In an A.P., the sum of three consecutive terms is 24 and the sum of their squares is 194. Find the numbers. **3**

Learnosphere

27. सिद्ध कीजिए कि $\sqrt{5}$ एक अपरिमेय संख्या है। **3**


28. (a) दी गई आकृति में, केंद्र O वाले वृत्त की एक स्पर्श-रेखा PQ है तथा $\angle BAQ = 30°$ है, तो दर्शाइए कि BP = BQ। **3**




**अथवा**

(b) दी गई आकृति में, AB, BC, CD तथा DA केंद्र O वाले वृत्त की स्पर्श-रेखाएँ हैं जो एक चतुर्भुज ABCD बनाती हैं। दर्शाइए कि **3**

$\angle AOB + \angle COD = 180°$




29. सिद्ध कीजिए : $\dfrac{1 + \sec\theta - \tan\theta}{1 + \sec\theta + \tan\theta} = \dfrac{1 - \sin\theta}{\cos\theta}$. **3**

30. एक परीक्षा में 100 विद्यार्थियों के 50 में से प्राप्त अंक नीचे दिए गए हैं : **3**


| **प्राप्तांक :** | 0 – 10 | 10 – 20 | 20 – 30 | 30 – 40 | 40 – 50 |
|---|---|---|---|---|---|
| **विद्यार्थियों की संख्या :** | 12 | 23 | 34 | 25 | 6 |

विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों का माध्य ज्ञात कीजिए।

31. 2-अंकों की एक संख्या में इकाई का अंक इसके दहाई के अंक से 5 कम है। दोनों अंकों का गुणनफल 36 है। संख्या ज्ञात कीजिए। **3**

27. Prove that $\sqrt{5}$ is an irrational number. **3**


28. (a) In the given figure, PQ is tangent to a circle centred at O and $\angle BAQ = 30°$; show that BP = BQ. **3**




**OR**

(b) In the given figure, AB, BC, CD and DA are tangents to the circle with centre O forming a quadrilateral ABCD. **3**

Show that $\angle AOB + \angle COD = 180°$




Learnosphere

29. Prove that $\dfrac{1 + \sec\theta - \tan\theta}{1 + \sec\theta + \tan\theta} = \dfrac{1 - \sin\theta}{\cos\theta}$. **3**

30. In a test, the marks obtained by 100 students (out of 50) are given below : **3**

| **Marks obtained :** | 0 – 10 | 10 – 20 | 20 – 30 | 30 – 40 | 40 – 50 |
|---|---|---|---|---|---|
| **Number of students :** | 12 | 23 | 34 | 25 | 6 |

Find the mean marks of the students.

31. In a 2-digit number, the digit at the unit's place is 5 less than the digit at the ten's place. The product of the digits is 36. Find the number. **3**

## खण्ड – घ

**इस खण्ड में 4 प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है ।**

32. (a) आलेखीय विधि द्वारा निम्न समीकरण निकाय का हल ज्ञात कीजिए : 5

$3x + y + 4 = 0$ तथा $3x - y + 2 = 0$

**अथवा**

(b) तारा ने एक परीक्षा में 40 अंक प्राप्त किए जबकि प्रत्येक सही उत्तर के 3 अंक मिले तथा प्रत्येक गलत उत्तर का 1 अंक कटा था । यदि प्रत्येक सही उत्तर के 4 अंक मिलें तथा प्रत्येक गलत उत्तर के 2 अंक कटें, तो उसे 50 अंक मिलेंगे । यह मानते हुए कि उसने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए हैं, तो कुल प्रश्नों की संख्या ज्ञात कीजिए । 5

33. (a) यदि किसी त्रिभुज की एक भुजा के समांतर अन्य दो भुजाओं को भिन्न-भिन्न बिंदुओं पर प्रतिच्छेद करने के लिए एक रेखा खींची जाए, तो सिद्ध कीजिए कि ये अन्य दो भुजाएँ एक ही अनुपात में विभाजित हो जाती हैं । 5

**अथवा**

(b) एक त्रिभुज ABC की भुजाएँ AB और AC तथा माध्यिका AD एक अन्य त्रिभुज PQR की भुजाओं PQ और PR तथा माध्यिका PM के क्रमश: समानुपाती हैं । दर्शाइए कि $\Delta ABC \sim \Delta PQR$ । 5

34. ऊँचाई 45 m वाले एक लाइट हाउस के शिखर से, इसकी विपरीत दिशाओं से आने वाले दो जहाजों के अवनमन कोण 30° तथा 60° पाए गए हैं । यदि जहाजों को मिलान वाली रेखा लाइट हाउस के आधार से गुजरती है, तो जहाजों के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए । ($\sqrt{3} = 1.73$ लीजिए ।) 5

35. 5.6 m त्रिज्या के एक वृत्त के एक त्रिज्यखण्ड का परिमाप 20.0 m है । त्रिज्यखण्ड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । 5

## SECTION – D

**This section consists of 4 questions of 5 marks each.**

32. (a) Using graphical method, solve the following system of equations : **5**

$3x + y + 4 = 0$ and $3x - y + 2 = 0$

**OR**

(b) Tara scored 40 marks in a test, getting 3 marks for each right answer and losing 1 mark for each wrong answer. Had 4 marks been awarded for each correct answer and 2 marks been deducted for each wrong answer, then Tara would have scored 50 marks. Assuming that Tara attempted all questions, find the total number of questions in the test. **5**

33. (a) If a line is drawn parallel to one side of a triangle to intersect the other two sides in distinct points, then prove that the other two sides are divided in the same ratio. **5**

**OR**

(b) Sides AB and AC and median AD to $\Delta ABC$ are respectively proportional to sides PQ and PR and median PM of another triangle PQR. Show that $\Delta ABC \sim \Delta PQR$. **5**


34. From the top of a 45 m high light house, the angles of depression of two ships, on the opposite side of it, are observed to be 30° and 60°. If the line joining the ships passes through the foot of the light house, find the distance between the ships. (Use $\sqrt{3} = 1.73$) **5**

35. The perimeter of a certain sector of a circle of radius 5.6 m is 20.0 m. Find the area of the sector. **5**

## खण्ड – ङ

**इस खण्ड में 3 प्रकरण आधारित प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के 4 अंक हैं ।**

36. एक गेंद हवा में इस प्रकार फेंकी गई कि t सेकण्ड के बाद इसकी ऊँचाई, अपने आरम्भिक बिंदु से h मीटर है तथा बहुपद $h = 25t - 5t^2$ द्वारा व्यक्त की गई है ।




बहुपद के ग्राफ का अवलोकन करके निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) दिए गए बहुपद के शून्यक लिखिए । **1**


(ii) गेंद द्वारा प्राप्त की गई अधिकतम दूरी ज्ञात कीजिए । **1**

(iii) (a) ऊपर फेंकने के कितने समय के पश्चात् गेंद 30 m की ऊँचाई पर होगी ? **2**

**अथवा**

(iii) (b) जब गेंद की ऊँचाई 20 m है तो t के दो विभिन्न मान ज्ञात कीजिए । **2**

37. 'सर्कस' शब्द मूलत: सर्कल (वृत्त) के समान ही है । एक बंद गोलाकार क्षेत्र में मानव कौशल और पशु प्रशिक्षण सहित विभिन्न मनोरंजन कार्यक्रम भीड़ के सामने प्रस्तुत किए जाते हैं ।
एक सर्कस का टैंट 8 m की ऊँचाई तक बेलनाकार है तथा इसके ऊपर शंक्वाकार है । आधार का व्यास 28 m है तथा टैंट की कुल ऊँचाई 18.5 m है ।



उपरोक्त के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) शंक्वाकार भाग की तिर्यक ऊँचाई ज्ञात कीजिए । **1**

(ii) टैंट के फर्श का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । **1**

(iii) (a) टैंट बनाने में प्रयोग होने वाले कपड़े का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । **2**


**अथवा**

(iii) (b) इस खाली टैंट में हवा का कुल आयतन ज्ञात कीजिए । **2**

## SECTION – E

**This section consists of 3 case based questions of 4 marks each.**

36. A ball is thrown in the air so that t seconds after it is thrown, its height h metre above its starting point is given by the polynomial $h = 25t - 5t^2$.




Observe the graph of the polynomial and answer the following questions :

(i) Write zeroes of the given polynomial. **1**

(ii) Find the maximum height achieved by ball. **1**


(iii) (a) After throwing upward, how much time did the ball take to reach to the height of 30 m ? **2**

**OR**

(iii) (b) Find the two different values of t when the height of the ball was 20 m. **2**

37. The word 'circus' has the same root as 'circle'. In a closed circular area, various entertainment acts including human skill and animal training are presented before the crowd.

A circus tent is cylindrical upto a height of 8 m and conical above it. The diameter of the base is 28 m and total height of tent is 18.5 m.



Based on the above, answer the following questions :

(i) Find slant height of the conical part. **1**


(ii) Determine the floor area of the tent. **1**

(iii) (a) Find area of the cloth used for making tent. **2**

**OR**

(iii) (b) Find total volume of air inside an empty tent. **2**

38. छुट्टियों के दिनों के एक सर्वे में 120 व्यक्तियों से अपनी पिछली छुट्टियों में प्रयोग किए गए वाहन के प्रकार के बारे में पूछा गया । निम्न पाई–चार्ट इस सर्वे के परिणाम बताता है ।




पाई–चार्ट के अवलोकन से निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) यदि यादृच्छया एक व्यक्ति चुना गया, तो उसके बस अथवा शिप (जहाज) द्वारा यात्रा करने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए । **1**


(ii) सबसे अधिक प्रचलित/पसंदीदा परिवहन का साधन कौन सा है और कितने लोगों ने इसका उपयोग किया ? **1**

(iii) (a) एक यादृच्छया चुने गए व्यक्ति के ट्रेन द्वारा न जाने की प्रायिकता 4/5 है तो ज्ञात कीजिए कितने लोगों ने ट्रेन का प्रयोग किया ? **2**

**अथवा**

(iii) (b) एक यादृच्छया चुने गए व्यक्ति द्वारा हवाई जहाज के प्रयोग करने की प्रायिकता 7/60 है, तो हवाई कम्पनी द्वारा अर्जित आय ज्ञात कीजिए, यदि उन्होंने प्रति व्यक्ति ₹ 5,000 लिए । **2**

38. In a survey on holidays, 120 people were asked to state which type of transport they used on their last holiday. The following pie chart shows the results of the survey.




Observe the pie chart and answer the following questions :

(i) If one person is selected at random, find the probability that he/she travelled by bus or ship. **1**

(ii) Which is most favourite mode of transport and how many people used it ? **1**

(iii) (a) A person is selected at random. If the probability that he did not use train is 4/5, find the number of people who used train. **2**

**OR**

(iii) (b) The probability that randomly selected person used aeroplane is 7/60. Find the revenue collected by air company at the rate of ₹ 5,000 per person. **2**

Learnosphere

Learnosphere